ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 19-09-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-09-19 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-09-20	2023-09-21	2023-09-22	2023-09-23	2023-09-24
वर्षा (मिमी)	14.0	1.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	31.0	31.0	32.0	31.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	25.0	25.0	26.0	26.0	26.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	79	73	72	68	64
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	47	42	40	38
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	14	15	17	18	17
पवन दिशा (डिग्री)	154	208	224	225	222
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	3	2	8	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

20 और 21 सितम्बर को हल्की से मघ्यम वर्षा की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

20 और 21 सितम्बर को वर्षा की सम्भावना को देखते हुए खेत में कटाई की हुई फसल को ढेर बनाकर प्लास्टिक से ढक कर रखें । खडी फसल में किसी भी प्रकार के कृषि रसायन का पर्णीय छिडकाव स्थगित करें।

लघु संदेश सलाहकार:

20 और 21 सितम्बर को हल्की से मघ्यम वर्षा की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	मूंग की फसल अभी पकाव की ओर अग्रसर है अतः उचित कायिक पकाव पर कटाई कर सुरक्षित स्थान पर भंडारित करे। खेत में कटाई की हुई फसल को ढेर बनाकर प्लास्टिक से ढक कर रखें ।
रेंड़ी	अरण्डी की फसल में तना छेदक के नियंत्रण के लिए क्यूनालफॉस 25 ई.सी. 1 लीटर का प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
कपास	कपास के खेत में बालवर्म कीट का प्रकोप दिखाई दे तो कार्बेरिल 50 प्रतिशत घुलनशील चूर्ण ढाई किलो

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करे इसके साथ 8 ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन भी मिलाएं।
तिल	तिल की फसल में फली छेदक कीट के नियंत्रण के लिए क्लोरेनट्रेनीलीप्रोल 18.5 ई.सी 0.4 मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
अनार	अनार में विल्ट रोग के प्रभावी नियंत्रण के लिये 02 किलोग्राम अच्छी तरह सड़ी हुई गोबर की खाद में 10 ग्राम ट्राईकोडर्मा विरिडी को अच्छी तरह मिलाकर प्रति पौधे की दर से दे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	गाय, भैंस, बकरी, भेड इत्यादि को सीधी वर्षा से बचाव के समुचित उपाय करें एवं उनके रहने के स्थल पर पानी इकट्ठा न होने दें तथा बिछावन को सुखा रखें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	तारामीरा की बुवाई का उचित समय 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक है अतः खाली खेत में उचित नमी की अवस्था में तारामीरा की बुवाई हेतू बीज की व्यवस्था करें तथा उन्नत किस्म जैसे आर.टी.एम.-314 बुवाई के लिए उपयुक्त है। एक हैक्टेयर के लिए 5 किलो बीज पर्याप्त होता है।